# आकाशवाणी शिमला
## 21.12.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

## मुख्य समाचार

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने विकसित भारत जी राम जी बिल–2025 को दी मंजूरी– भाजपा ने विधेयक को बताया ऐतिहासिक।
- प्रदेश भर में पल्स पोलियो अभियान के तहत पांच वर्ष तक की आयु के बच्चों को पिलाई गई पोलियो खुराक।
- विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने कहा– आपदा से राहत के मामले में विफल साबित हुई प्रदेश सरकार।
- प्रदेश में लम्बे समय से वर्षा व बर्फबारी न होने से फसलों पर विपरीत असर– किसानों–बागवानों की चिंता बढ़ी।

## राष्ट्रपति–मंजूरी

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने विकसित भारत–रोज़गार और आजीविका मिशन–ग्रामीण विकसित भारत–जी राम जी बिल, 2025 को मंजूरी दे दी है। संसद ने इसे हाल ही में शीतकालीन सत्र के दौरान पास किया था। यह एक्ट ग्रामीण परिवारों के लिए हर वित्तीय वर्ष में वैधानिक मज़दूरी रोज़गार गारंटी को एक सौ 25 दिन तक बढ़ाता है। ग्रामीण विकास मंत्रालय ने बताया कि यह ग्रामीण रोज़गार नीति में बदलाव की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मंत्रालय ने बताया कि यह कानून सशक्तिकरण, समावेशी विकास, विकास पहलों के तालमेल और सभी जरूरतमंद लोगों को लाभ देने को बढावा देता है। विकसित भारत– जी राम जी एक्ट महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोज़गार गारंटी एक्ट –मनरेगा 2005 की जगह लाया गया है।

## भाजपा

प्रदेश भाजपा ने विकसित भारत जी राम जी विधेयक 2025 को ग्रामीण भारत के लिए ऐतिहासिक मील का पत्थर बताया है। पार्टी अध्यक्ष राजीव बिंदल ने एक बयान में कहा कि कांग्रेस देश में सनातन विरोधी की पहचान बना चुकी है और इस योजना का विरोध केवल राम नाम के कारण है। दूसरी ओर, भाजपा नेता व राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन ने कहा कि ये विधेयक विकसित भारत 2047 के राष्ट्रीय संकल्प को ज़मीनी स्तर पर साकार करने की मज़बूत नींव रखता है। उन्होंने कहा कि इस विधेयक में वैधानिक रोज़गार गारंटी को सौ से बढ़ाकर एक सौ 25 दिन किया जाना ये दर्शाता है कि भाजपा सरकार ग्रामीण परिवारों की आय सुरक्षा, सम्मान और भविष्य को लेकर पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

## पल्स पोलियो

प्रदेशभर में पल्स पोलियो अभियान के तहत आज 5 वर्ष तक की आयु के बच्चों को पोलियो खुराक पिलाई गई। मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने राजधानी शिमला के कमला नेहरू अस्पताल से बच्चों को खुराक पिलाकर इस अभियान का शुभारम्भ किया। उन्होंने कहा कि अभियान को प्रदेश में पूरी गंभीरता और मज़बूती के साथ चलाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार बच्चों के स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है और पोलियो मुक्त हिमाचल के लक्ष्य को बनाए रखने के लिए अभियान में कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी।

स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल भी इस दौरान मौजूद रहे। आज खुराक पीने से वंचित रहे बच्चों को 22 और 23 दिसम्बर को स्वास्थ्य कार्यकर्ता घर–घर जाकर ये दवा पिलाएंगे।

**धर्माणी**

नगर व ग्राम नियोजन और तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने घुमारवीं में पल्स पोलियो अभियान का शुभारम्भ किया। उन्होंने कहा कि ये अभियान देश के सबसे सफल जन स्वास्थ्य अभियानों में से एक है जिसके परिणाम स्वरूप भारत आज पोलियो मुक्त घोषित हो चुका है। उन्होंने कहा कि इस उपलब्धि को बनाए रखने के लिए 5 वर्ष तक की आयु के प्रत्येक बच्चे को निर्धारित समय पर पोलियो खुराक पिलाना अनिवार्य है।

**जयराम ठाकुर**

विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश में आई आपदा से राहत के मामले में राज्य सरकार पूरी तरह विफल और संवेदनहीन साबित हुई है। एक बयान में उन्होंने कहा कि 6 माह बीत जाने के बाद भी सरकार अभी तक क्षतिग्रस्त हुई सड़कों में मिट्टी और पत्थर भरवा कर उन्हें बहाल नहीं करवा पाई है। जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश के सैंकड़ों गांव आज भी वाहनों की पहुंच से दूर हैं जिसके चलते खासतौर पर मरीज़ों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जयराम ठाकुर ने कहा कि एक ओर प्रदेश बेरोज़गारी, आर्थिक संकट और स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली से जूझ रहा है, वहीं आयुर्वेदिक अस्पतालों में मरीज़ों के लिए दवाईयां तक भी उपलब्ध नहीं हैं।

**हर्षवर्धन चौहान**

उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा है कि भावी पीढ़ी के सर्वांगीण विकास के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए सरकार शिक्षा क्षेत्र में व्यापक सुधार कर रही है। सिरमौर ज़िले के राजकीय विद्यालय चांदनी के वार्षिक समारोह में आज उन्होंने कहा कि बच्चों को भविष्य की चुनौतियों के अनुरूप तैयार करने के लिए सरकारी स्कूलों में पहली कक्षा से अंग्रेज़ी माध्यम से शिक्षा शुरू की गई है। हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि अगले शैक्षणिक सत्र से प्रदेश के सौ सरकारी वरिष्ठ माध्यमिक स्कूलों को सी.बी.एस.ई. बोर्ड से संचालित किया जाएगा।

**जगत सिंह नेगी**

दूसरी ओर, राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा है कि सरकार जनजातीय व दुर्गम इलाकों में शिक्षा व स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ कर रही है। किन्नौर ज़िले के राजकीय विद्यालय कोठी के वार्षिक समारोह में उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में गुणात्मक शिक्षा के मामले में हिमाचल प्रदेश पांचवें स्थान पर है जबकि पूर्व भाजपा कार्यकाल में 21वें स्थान पर था। जगत सिंह नेगी ने कहा कि विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए उनका शारीरिक व बौधिक विकास होना अनिवार्य है जिसके लिए उन्हें पढ़ाई के साथ–साथ खेल व अन्य साहसिक गतिविधियों से जोड़ा जाना चाहिए।

**सिकंदर कुमार**

राज्यसभा सांसद व भाजपा महासचिव सिकंदर कुमार ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार द्वारा राज्य में बन रहे फोरलेन के निर्माण को लेकर लगाए गए आरोपों को लेकर कड़ी प्रतिक्रिया जताई है। एक बयान में उन्होंने कहा कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केन्द्र के सहयोग से हिमाचल में हो रहे विकास कार्यों को पचा नहीं पा रहे हैं, इसी लिए वे तथ्यहीन बयानबाज़ी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी के मार्गदर्शन में देशभर में ऐसे एक्सप्रेस हाईवे का निर्माण किया गया है जिनकी कांग्रेस के कई राष्ट्रीय नेताओं ने भी सराहना की है। सिकंदर कुमार ने कहा कि प्रदेश में जो भी विकास कार्य हो रहे हैं वह केन्द्र के सहयोग से ही संभव हो पाए हैं।

**मौसम**

प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में आज हल्के बादल छाए हुए हैं। पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से बीती रात ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हल्के हिमपात का समाचार है। मौसम विभाग ने आज प्रदेश के मध्यम व उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा व हिमपात की संभावना जताई है। प्रदेश में लम्बे समय से वर्षा व बर्फबारी न होने के कारण सूखे जैसे हालात बनते जा रहे हैं। ऐसे में फसलों पर भी विपरीत असर पड़ रहा है जिसे किसानों व बागवानों की चिंता भी बढ़ गई है। राज्य के मैदानी इलाकों में भी घने कोहरे के चलते इन दिनों लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

**उन्नयन योजना**

केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना किन्नौर में महिलाओं के लिए आत्मनिर्भरता का सशक्त माध्यम बनकर उभर रही है। योजना के तहत जनजातीय क्षेत्रों की महिलाओं को स्थानीय कृषि व बागवानी उत्पादों पर आधारित सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण इकाइयां स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। **अधिक ब्यौरे के साथ हमारी किन्नौर जिला संवाददाता**

***प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना महिलाओं के लिए आत्मनिर्भरता का सशक्त माध्यम बनकर उभर रही है। दुर्गम और जनजातीय क्षेत्रों में निवास करने वाली महिलाओं को इस योजना के माध्यम से स्वयं सहायता समूहों से जोड़कर आर्थिक रूप से मजबूत किया जा रहा है। जिले के पूह विकास खण्ड में पीएमएफएमई योजना के तहत 47 स्वयं सहायता समूहों के 114 सदस्यों को 45 लाख 60 हजार रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की गई है। कल्पा विकास खण्ड में 122 स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी 474 महिलाओं को 188 लाख 89 हजार रुपये की सहायता राशि उपलब्ध करवाई गई है। निचार विकास खण्ड में 28 स्वयं सहायता समूहों के 1 सौ 10 सदस्यों को 43 लाख 52 हजार रुपये की धनराशि प्रदान की गई है। जिला प्रशासन के प्रयासों से यह योजना जनजातीय क्षेत्र की महिलाओं को स्वरोजगार, आर्थिक सुरक्षा और आत्मसम्मान प्रदान कर रही है, जिससे वे आत्मनिर्भर भारत के संकल्प में सक्रिय भागीदार बन रही हैं।***

**पीटीसी किन्नौर, सुमेश नेगी**

**पदक**

चम्बा ज़िला की गोल्डन गर्ल सीमा ने कोलकाता में आयोजित विश्वस्तरीय एथलैटिक्स स्पर्धा में आज 25 हज़ार मीटर की दौड़ में स्वर्ण पदक हासिल किया है। धावक सीमा की इस सफलता पर चम्बा ज़िले के लोगों में खुशी का माहौल है। ज़िला परिषद सदस्य मनोज कुमार ने इस उपलब्धि के लिए सीमा को बधाई दी है।

**अग्निवीर**

केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने सीमा सुरक्षा बल–बी.एस.एफ. में कांस्टेबल भर्ती के लिए पूर्व अग्निवीरों का कोटा 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर दिया है। पूर्व अग्निवीरों के पहले बैच को ऊपरी आयु सीमा में 5 वर्ष तक जबकि शेष पूर्व अग्निवीरों को 3 वर्ष की छूट मिलेगी।